## सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल


**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत नवादा चौक के समीप बुधवार की दोपहर बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चा घायल हो गए। इनमें दो की इलाजे के दौरान मौत हो गयी। घायलों की पहचान बल्हारा निवासी मोहम्मद मंजूर उम्र (35, पिता मोहम्मद शाहिद), मोहम्मद सोहेल (12, पिता मोहम्मद मंजूर) और मुनिया खातून (42 वर्ष, पति मोहम्मद मंजूर) के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस व ग्रामीण की सहयोग से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल महिला मुनिया खातून और मोहम्मद मंजूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर तीनों नवलशाही से डोमचांच की तरफ आ रहे थे। इस दौरान नवादा चौक के समीप एक बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जबकि बच्चा का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## डीएवी स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया, कोडरमा में विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कारगिल में शहीद होने वाले नौजवानों की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि यह दिवस वीर शहीदों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए पाकिस्तानी सेना को धूल चटाते हुए वीरगति को प्राप्त हुये। यह दिन भारतीय इतिहास के लिए बडे.ही गर्व का दिन है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बलराम मिश्रा, दिनेश कुमार दूबे, अनिल कुमार व खुशबू कुमारी के निर्देशन में बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रागिनी वर्गवे (10बी) ने मंच संचालन का कार्य किया राजवीर सिंह (9बी) ने कारगिल दिवस पर अंग्रेजी में तथा कुमारी कल्पना (10डी) ने हिंदी में वक्तव्य प्रस्तुत किया। कारगिल दिवस पर वीर शहीदों की याद में विद्यालय के संगीत शिक्षक आलोक चक्रवर्ती और उनके समूह ने गीत प्रस्तुत किया। शहीदों का चरित्र अभिनय दशम 'स' के अंजिष्णु सिंह, आशीष वेद, अंशराज, आयुष कुमार और सुमित कुमार (10 डी) ने किया। तेजप्रताप (9 ई) सुमन कुमार (9 ई) उमा ईशान, श्रेयांश (9 बी) और अंकुर (6) राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत एक नाटक प्रस्तुत किया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक प्रमुख सत्यनारायण यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम को लेकर आपसी भाईचारा को बरकरार रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रशासनिक स्तर पर कार्य किया जायेगा। प्रमुख ने आश्वासन दिया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र को थाना, ब्लॉक, अस्पताल से जितना भी सहयोग होगा उसमें कोई कसर नहीं छोड़ा जायेगा। मौके पर अंचलाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, थाना प्रभारी, विभिन्न संगठनों से लीलावती मेहता, प्रदीप सिंह, महेंद्र वर्मा, मानिकचंद सेठ, रमेश हर्षधर, राम लाल यादव उपस्थित थे।

## बाइक के अनियंत्रित होने से युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना अंतर्गत सुभाष चौक के समीप बाइक के अनियंत्रित होने से एक युवक दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में घायल की पहचान अनुज कुमार (उम्र 18 वर्ष पिता बबून पंडित, गुमो) के रूप में हुई है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां इसका इलाज चल रहा है।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत लोहासीकर में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों की पहचान जयनगर निवासी प्रोसनजीत राणा पिता संजय राणा, निवासी सावन कुमार पिता बहादुर सिंह और सतीश कुमार पिता महादेव साव सभी नईटांड निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर जयनगर से कोडरमा की तरफ जेजे कॉलेज में फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने आ रहे थे। इसी दौरान लोहासीकर के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक पर सवार तीनों युवक घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

## मरकच्चो में शहीदे करबला कांफ्रेंस जलसा का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य पंचायत दरगाह मुहल्ला में यादे हुसैन कमिटी के बैनर तले शहीदे करबला कॉन्फ्रेंस जलसा का आयोजन किया गया। जलसा की सदारत इनामूल शेख जबकि संचालन अमन रजा नूरी ने किया। जलसा को सम्बोधित करते हुए जामा मस्जिद के ईमाम मौलाना मो रफीक आलम ने कहा कि हर इंसान अगर ईमाम हुसैन की जिंदगी से सीख हासिल करे तो दुनिया मे अमन चैन और आपसी भाईचारे मे कभी खलल नहीं पड़ सकती। ईमाम हुसैन कि शहादत हमें बलिदान और सत्य की राह पर चलने की नसीहत देती है। जलसा के समापन के बाद सामूहिक रूप से अल्लाह से दुआ मांग कर देश व दुनिया मे अमन चैन कायम हो इसकी कामना किया गया। मौके पर क्यूम शेख, इनामूल शेख, ताहिर शेख, अफजल शेख, आजाद शेख, फहीम शेख, महबूब अंसारी, अल्ताफ शेख, सोहेल शेख साहिल शेख, जियायुल शेख, मनीर मियां, मुमताज अंसारी, जमीर अंसारी, साने अली, हारून शेख, रहीस शेख आदि मौजूद थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना ने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी व सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। सभी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि बीएलओ से समन्वय स्थापित करते हुए डोर टू डोर भ्रमण करें और छुटे हुए सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक फार्म 6 का कलेक्शन करें और 7 दिनों के अंदर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करें। उन्होंने सभी प्राप्त आवेदनों पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिये। साथ ही सभी सुपरवाइजर को मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिये और कहा कि सभी मतदान केंद्र में एएमएफ अर्थात सारी सुविधाएं की देखने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप उप निर्वाचन अधिकारी, सभी सहायक निवार्ची अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## भाकपा माले ने ब्रांच कमेटियों का किया गठन

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम कटीया में जिला कमेटी सदस्य शंभू नाथ वर्मा की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय ब्रांच कमेटी के सचिव शंकर दास चुने गए। पिपचो में कौलेशवर राणा के अध्यक्षता में 7 सदस्यीय कमेटी के जितन भुईयां सचिव बने। तिलोकरी में प्रखंड कमेटी सदस्य रामचंद्र साव के अध्यक्षता में 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया, सर्वसम्मति से रामचंद्र सचिव बने। मुख्य रूप से प्रखंड सचिव अशोक यादव उपस्थित थे। प्रखंड सचिव अशोक यादव ने कहा कि पार्टी के सभी संगठनों को मजबूत कर किसान मजदूर आम आवाम की लड़ाई को तेज करने की जरूरत है। अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार काफी बढ़ा हुआ है। अगर कर्मचारी अधिकारी अपने कार्यशैली में सुधार नहीं किए तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा। बारिश नहीं होने के कारण किसानों पर गंभीर संकट आ गया है।

### हजारीबाग में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

# डीजे और भड़काऊ गानों पर पाबंदी सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में बुधवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारा के प्रतीक हैं। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुसार डीजे, सौहार्द बिगाड़ने वाले भड़काऊ गाने पर मनाही की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्व के अवसर पर जिले के सभी मस्जिदों और इमामबाड़ों पर शांतिपूर्ण रूप से इबादत करें। छडवा डैम ने लगने वाले मेला पर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक तैयारियों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया। अंचल स्तर पर शांति समिति की बैठक कर प्रशासन के दिशा निर्देशों के बारे में सभी को जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। वही पुलिस प्रशासन की तरफ से आरिफ इकराम ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने व सोशल मिडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करें।

डीसी ने शांति समिति के सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा की किसी भी तरह के प्री रिकॉर्डेड भड़काऊ गाने व डीजे के प्रयोग पर रोक रहेगी। इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के प्रबुद्धजनों ने भी अपनी बाते प्रशासन के समक्ष रखी और शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। विभिन्न प्रखंडों से आये लोगो ने अपने अपने क्षेत्रों से निकलने वाले जुलुस मार्गों में पड़ने वाले सूखे पेड़ों, बिजली के झूलते तारों तथा रोड किनारे पार्किंग व्यवस्था आदि को दुरुस्त करने की गुजारिश की। विभिन्न अखाड़ाधारियों ने जुलुस मार्गों पर खराब चापानल का मरम्मती कार्य करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन, बरही एसडीओ पूनम कुजूर व सभी प्रखंडों के बीडीओ/सीओ व बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने सुखाड़ घोषित करने की मांग की

**चलकुसा (आजाद सिपाही)। झारखंड में बारिश की बेरुखी से पानी के बिना किसान त्राहिमाम हैं। श्रावण मास बीतने के कगार पर है और नदी, नाले, तालाब आदि सूखे हुये हैं। बैंकों समेत अन्य जगहों से ऋण लेकर किसान खेतों में महंगे बीज बोया लेकिन बारिश नहीं होने के कारण धान समेत भदई फसल जगह पर ही सूख गये हैं। बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा की विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोई कल करखाने नहीं है और समस्त क्षेत्र की जनता कृषि पर निर्भर है। बारिश नहीं होने के कारण किसानों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। क्षेत्र में तत्काल राहत कार्य चलाने, कृषि पर आधारित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने और कर्ज लेकर किसानों द्वारा खेत में बोये महंगे खाद बीज का मुल्यांकन कर क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया जाये।**

### शांतिपूर्ण तरीके से प्रेस क्लब पदमा का चुनाव संपन्न

# आशीष अध्यक्ष और अंशु अनमोल बने उपाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**पदमा।** प्रेस क्लब हजारीबाग प्रखंड इकाई पदमा का चुनाव 26 जुलाई को एनएच 33 स्थित होटल सुबोध इन के सभागार में संपन्न हुआ। मौके पर पदमा बीडीओ मनीष कुमार और पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह मौजूद रहे। प्रेस क्लब पदमा के आशीष कुमार यादव अध्यक्ष, अंशु अनमोल कुमार मेहता उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तम पांडेय सचिव, सजल पाठक उपसचिव, निशांत सिंह कोषाध्यक्ष और अजीत शर्मा केंद्रीय सदस्य निर्वाचित हुए। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में प्रकाश मेहता, परमानंद राणा और शिशुपाल राणा निर्वाचित हुए। सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। निर्वाचन पदाधिकारी राजू पासवान और गौतम मेहता की देख रेख में चुनाव कराया गया। वहीं चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रेस क्लब हजारीबाग से अजय निराला और अमूल्यचंद्र पांडेय मौजूद रहे। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को सर्टीफिकेट दिया गया। चुनाव संचालन में सभी पत्रकारों का सहयोग रहा। इधर प्रेस क्लब पदमा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप और सचिव मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव से संगठन मजबूत हो रहा है। प्रेस क्लब हजारीबाग के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने भी नई कमेटी को बधाई दी है। मौके पर चोपारण प्रेस क्लब अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा के साथ कई लोग उपस्थित रहे।

### राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी ने बैठक में कहा

# विश्वविद्यालय लक्ष्य निर्धारित कर योजना बनायें

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी (सचिवालय) डॉ. संजीव राय के साथ विश्वविद्यालय के संकायअध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और स्ववित्तपोषित विभागों के निदेशकों की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मानविकी संकाय अध्यक्ष प्रो. (डॉ) मिथिलेश सिंह ने किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ कौशलेंद्र कुमार ने अतिथि परिचय के साथ डॉ राय का स्वागत किया। अपने संबोधन के क्रम में डॉ संजीव राय ने कहा की भारत को ज्ञान का अर्थशास्त्र के रूप में विकसित करने के लिए हमें अपने विश्वविद्यालयों को रूपांतरित करने पड़ेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालयों को लक्ष्य निर्धारित करके योजना बनाने पड़ेंगे तथा निर्धारित समय में उन लक्ष्यों को प्राप्त भी करने पड़ेंगे। समय की मांग के अनुसार बदलाव होनी चाहिये। विश्वविद्यालय के शिक्षकों के पास उनके अनुभव भी है। हमें यह देखना है कि उस अनुभव को हम विद्यार्थियों तक कैसे पहुंचायें। डॉ राय ने शोध गुणवत्ता पर तथा शोध नैतिकता पर विशेष बल दिया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय पर विशेष ध्यान देने की बात बताई तथा इन्हें आधुनिक प्रविधि से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अंत में उन्होंने प्लेसमेंट और रोजगार के बिंदुओं को भी रेखांकित किया।

शिक्षकों की ओर से समाज विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्र देवघरिया, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, केंद्रीय पुस्तकालय के निदेशक डॉ विनोद रंजन तथा जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार ने डॉ संजीव राय को विश्वविद्यालयों की वस्तु स्थिति से अवगत कराने का प्रयास किया। डॉ सुरेंद्र कुशवाहा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व डॉ संजीव राय के आगमन पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में उनका स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ उनका परिचय कराया गया। आर्यभट्ट सभागार में आयोजित बैठक के उपरांत डॉ संजीव राय कुछ विभागों का दौरा भी किए और वहां के विभागाध्यक्ष और शिक्षकों से मिले।

### प्रखंड मुख्यालय में बना बीडीओ, सीओ का आवास हुआ जर्जर

# जयनगर के अधिकारी नहीं रहते प्रखंड मुख्यालय में

विनोद वर्णवाल



**जयनगर।** प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित कर्मचारियों के रहने के लिए बना आवास वर्तमान समय में पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जिसके कारण बीडीओ, सीओ सहित कोई भी कर्मी इन आवासो में नहीं रहना चाहते है। सभी अधिकारी व कर्मचारी लगभग 15 किलोमीटर दूरी तय कर प्रतिदिन प्रखंड मुख्यालय कार्यालय आना जाना करते हैं। जानकारी अनुसार आवासों का निर्माण करीब 48 वर्ष पूर्व कराया गया था जो वर्तमान में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। प्रखंड मुख्यालय परिसर में अधिकारी व कर्मचारी का आवास होने से इसका लाभ जनता को मिलता था, लेकिन वर्तमान समय में आवास नहीं होने के कारण क्षेत्र के आम जनता को कार्यालय के समय पदाधिकारियों और कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ता है। जानकारी अनुसार प्रखंड मुख्यालय में 48 वर्ष पूर्व 1975-76 में बिहार सरकार की ओर से बीडीओ आवास सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारियों के रहने के लिए लगभग 13 से अधिक आवास का निर्माण कराया गया था, जो अब पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो गया है। आवास अधिकारियों तथा कर्मचारियों को रहने लायक नहीं है। प्रखंड में बीडीओ, सीओ सहित अन्य कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था नहीं होने के कारण पदाधिकारी तथा कर्मचारी प्रतिदिन जिला मुख्यालय से प्रखंड मुख्यालय आना जाना करते हैं। जिससे पदाधिकारियों के डीजल के खर्च पर प्रतिमाह हजारो रूपए व्यय हो रहे है।

**ढ़ाई करोड़ की लागत से हुआ भवन निर्माण, बीडीओ सीओ का आवास नहीं बना:** 3 वर्ष पूर्व प्रखंड मुख्यालय में लगभग ढाई करोड़ की लागत से प्रखंड व अंचल कार्यालय का निर्माण कराया गया है, परंतु बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास नहीं बनाया गया है। आवास नहीं होने के कारण बीडीओ प्रतिदिन जिला मुख्यालय से जयनगर प्रखंड मुख्यालय लगभग 22 किलोमीटर तय कर आना जाना करते है। वहीं दूसरी ओर अंचलाधिकारी तथा कर्मचारी भी आवास नहीं रहने के कारण जिला मुख्यालय से प्रतिदिन जयनगर मुख्यालय आना-जाना कर रहे हैं। 12 वर्ष पूर्व बना सीओ आवास भी पूरी तरह जर्जर हो गया है। अंचलाधिकारी का आवास वर्ष 2011-12 में भवन निर्माण विभाग की ओर से लगभग 17 लाख की लागत से बनाया गया था। निर्माण के 5 वर्ष बाद ही भवन पूरी तरह जर्जर हो गया और छत से पानी का रिसाव होने लगा। वहीं खिड़की दरवाजा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे अधिकारी भवन में नहीं रहते हैं।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में मना कारगिल विजय दिवस



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि भारत के सैनिकों ने भारत माता के मस्तक को नहीं झुकने दिया। पाकिस्तानी सैनिकों को रौंदते हुये कारगिल की चोटी पर तिरंगा फहरा दिया था। इस दिन को याद कर आज भी प्रत्येक भारतीयों का सीना गर्व से फूल जाता है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में गुलमोहर का पौधा रोपण किया गया। मौके पर प्रोफेसर ज्योति जलधर, नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर फजरूद्दीन, प्रो पवन कुमार, प्रो ललिता कुमारी स्वयंसेवक में धीरंजन कुमार, सचिन कुमार, राहुल कुमार, दिलचंद कुमार, बबीता कुमारी, पूनम कुमारी, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे ।

## कोबरा सांप ने महिला को डसा

**इचाक (आजाद सिपाही)।** बरका खुर्द निवासी उर्मिला देवी, पति गोविंद प्रसाद मेहता को कोबरा सांप ने हाथ की उंगली में डस लिया, जब लोगों को पता चला है कि इन्हें सांप काट लिया है तो आनन-फानन में लोगों ने विलंब ना करते हुए तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। जहां अभी इलाजरत है और स्थिति सामान्य है।

## झारखंड सरकार किसानों को ठगने का कर रही काम: कुमकुम देवी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता सह जिप सदस्य कुमकुम देवी ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार से मिलकर अवगत कराया कि झारखंड सरकार ने घोषणा किया था कि किसानों को धान का दाम चौबीस घंटे में मिलने की बात कही थी। और दिसंबर 2022 में किसानों द्वारा पैक्स में धान दिया गया था लेकिन आज तक कई किसानों को धान का दाम नहीं मिल पाया है। प्रभावित किसान द्वारिका प्रसाद, नकुल प्रसाद, नारायण प्रसाद, अशोक प्रसाद, छोटी महतो राजेश कुमार ने अपनी समस्यायों से कुमकुम देवी को अवगत कराया। जिप सदस्य ने तत्परता दिखाते हुये पदाधिकारी के समक्ष किसानों की समस्या रखते हुये सरकार की घोर लापरवाही की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किसानों को एक सप्ताह के अंदर राशि भूगतान करने का आश्वासन दिया। किसानों की आवाज उठाने के लिए लोगों ने कुमकुम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना से बना पीसीसी पथ टूटा



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लाखों रुपए की लागत से निर्मित इचाक प्रखंड के फुरुका से तीउज 2.7 किमी पथ में घोर अनियमितता बरती गयी थी, जिस कारण करीब एक किलो मीटर में ढलाई किया गया पीसीसी पथ महज दो वर्ष में ही दर्जनों जगहों पर टूट कर उखड़ने लगा है, पीसीसी पथ की ढलाई मार्च 2021 में किया गया था, फुरुका गांव के ग्रामीणों का कहना है कि पथ के निर्माण कार्य से लेकर ढलाई तक घोर अनियमितता बरती गयी है, उस वक्त भी ग्रामीणों ने पथ निर्माण में अनियमितता की शिकायत उपायुक्त एवम कार्यपालक अभियंता से की थी। इसके बाद महज 20 फीट रोड को तोड़वाकर पुनः ढलाई करवाया गया था। पथ का निर्माण कार्य संवेदक आस्था कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया गया है। बुनियाद की मजबूती नही बना और आनन फानन में अभिकर्ता ने पथ का ढलाई कर दिया गया। ग्रामीणों का शिकायत है की फरवरी- मार्च 2023 में ही पीसीसी सड़क जहां तहां टूट गया, चार माह बीत गया पर विभाग द्वारा कोई मरम्मती नही कराया गया है। जबकि पांच वर्षों तक पथ का मरम्मती करना ठिकेदार की जिम्मेवारी है। इधर शेष पथ में कालीकरण का कार्य किया गया। पीच कम देने के कारण वह पथ भी कबड़ने लगा है।

## आजादी के सात दशक बीतने के बाद सुविधाओं से वंचित है पांच घरवा टोला

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा खुर्द पंचायत अंतर्गत घंघरी के पांच घरवा टोला में आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी सुविधाओं से वंचित है। जहां चार सौ से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां के ग्रामीण जान जोखिम डाल कर नदी पार करते है। नदी पर पुल बनाने की मांग ग्रामीण वर्षो से करते आ रहे है। लेकिन ना तो सरकार और ना ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर गया है। ऐसे में लाचार बेबस घंघरी के पांच घरवा टोला के ग्रामीण जान हथेली पर रखकर पुल के अभाव में नदी पार कर प्रखंड मुख्यालय वा हॉस्पिटल और बाजार आना-जाना करते हैं। बरसात के दिनों में लोगों को पानी से भरे नदी में पार होने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## चौपारण की बेटी श्रृष्टि राइफल शूटिंग में इंडिया टीम के ट्रायल सेलेक्शन में चयनित



**चौपारण (आजाद सिपाही)।** चौपारण थाना क्षेत्र के मानगढ़ पंचायत ग्राम नगवां निवासी युवती श्रृष्टि कुमारी ने राइफल शूटिंग के क्षेत्र में पिछले 08 महीने से धमाल मचा रखी है। महज 8 महीने में ही युवा निशानेबाज श्रृष्टि ने अपने अचूक निशानेबाजी के लिए धैर्य व एकाग्रता का जो अदम्य परिचय दिया है प्रशंसनीय है।वह उसके खुद के जज्बे को बढ़ाने के साथ उसे प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षक और सहयोग करने वाले परिवारजनों को भी इसे आगे बढ़ाने को प्रेरित करता है। श्रृष्टि कुमारी ने दो बार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 05 वां रैंक प्राप्त किया। अहमदाबाद में आयोजित प्री-नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में पूरे हिंदुस्तान से पहुंचे करीब 5-6 हजार खिलाड़ियों में 12 वां रैंक हासिल किया। हाल ही में विगत 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक भोपाल में आयोजित 64 वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में संपूर्ण देश से शामिल करीब 25 हजार खिलाड़ियों के बीच 33 वां रैंक हासिल कर नेशनल में क्वालीफाई करते हुए इंडिया टीम में भाग लेने के लिए ट्रायल सलेक्शन में अपनी जगह बना ली है। श्रृष्टि कुमारी बताती हैं कि वे अपने क्लब में प्रतिदिन 2 घंटे और घर पर 3 घंटे राइफल शूटिंग का अभ्यास करती हैं। शूटिंग में आने के लक्ष्य पर बताती हैं कि बचपन से ही देश सेवा करने का जज्बा दिल में है। आर्मी के ऑफिसर ग्रेड में जाकर अपने देश की माटी का कर्ज को चुकाना चाहती हूं।श्रृष्टि के खेल जगत के नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में चयनित होने पर समाज के लोगो ने। सृष्टि के अभिभावकों को बधाई दी वही भविष्य में और बेहतर करने उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

## चलकुसा थाना में शांति समिति की बैठक

**चलकुसा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव शामिल हुए। थाना प्रभारी सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले को सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। मोहर्रम पर्व लोग शांतिपूर्वक मनाएं। जुलूस रूट चार्ट के अनुसार ही लोग निकालेंगे। डीजे पर पूर्ण पाबंदी लगी रहेगी। मौके पर उप प्रमुख शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, विक्रमादित्य सिंह ,सीताराम पंडित, कुमार रवि , रामदेव यादव, महबूब अंसारी , रहमान अंसारी नईम अंसारी इत्यादि लोग मौजूद थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर के पलटने से मजदूर की मौत

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के मुरैनवा गांव के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ 22 पर बुधवार को ट्रैक्टर के पलटने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक सदर प्रखंड चतरा के डाढा गांव का रहने वाला 40 वर्षीय अशोक भारती है। जानकारी के अनुसार मृतक अशोक भारती घंघरी गांव निवासी मिथलेश चैहान के ट्रैक्टर पर बालू लोड कर चतरा की ओर जा रहा था। वह बालू लदे ट्रैक्टर के टेलर पर बैठा था। अवैध बालु लदा ट्रैक्टर को चालक तेज गति से चतरा की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान मुरैनवा के समीप वह वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर पलट गयी और मजदूर घायल हो गया। घायल मजदूर को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा बालू के परिवहन पर 15 अक्टुबर तक रोक लगाया है लेकिन प्रशासन के सामने जिला मुख्यालय में प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर दिनभर बालू का ढुलाई करते हैं और मंहगी किमत लेकर उसे बाजार में बेच देते हैं। अवैध बालू होने के कारण ड्राइवर को मजदूरी से अधिक पैसा दिया जाता है जिसके कारण उच्च पदाधिकारियों के नजर से बचने के लिए वाहन चालक तेज गति से ट्रैक्टर चलाकर अपने ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। सरकार का बालू उठाव के प्रतिबंध लगाने के कारण केवल ग्राहकों को भी परेषानी है। ट्रैक्टर मालिक प्रतिबंध के नाम पर मनमानी पैसों की वसूली कर बालू की सप्लाई करते हैं। और वाहन मालिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन को भी खासी रकम देकर धडल्ले से सरकारी आदेश को ठेंगा दिखाकर बालू की सप्लाई करते हैं।

## युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उरैली गांव निवासी विदेशी पासवान का ज्येष्ठ पुत्र 30 वर्षीय राजेश पासवान ने उड़ीसा के बरगड़ स्थित अपने भाड़े के मकान में फंसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक बढ़ई मिस्त्री का काम करता था। वह दस वर्ष पूर्व बरगड में ही प्रेम विवाह किया था। दस वर्षो से दोनों के बीच अच्छे संबंध चल रहे थे। लेकिन घटना के एक दिन पूर्व पति-पत्नि के बीच आपस में विवाद हुआ था और पत्नि अपने मायके चली गयी थी। इसी बात से नाराज राजेश ने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

## पब्लिक हाइ स्कूल कुजू की पांच छात्राएं सीसीएल की लाल-लाड़ली योजना में चयनित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पब्लिक हाई स्कूल कुजू की दसवीं पास पांच छात्राएं सीसीएल के लाल-लाडली योजना के तहत चयनित हुई है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक रविंद्र प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की दसवीं पास पांच मेधावी छात्राएं अपनी उत्कृष्ट अंकों के साथ चयनित हुई है। जिसमें छात्रा सोनल केसरी, निशा कुमारी, प्रीति कुमारी, दीपिका कुमारी व रानी कुमारी है। कहा कि डीएवी गांधीनगर रांची में सभी छात्राएं 11वीं व 12वीं की पढ़ाई जारी रहेगा। वही, सीसीएल द्वारा निः शुल्क रहने व भोजन की व्यवस्था सहित उत्कृष्ट कोटि का आईआईटी की कोचिंग करर्वाई जायेगा। उन्होंने चयनित छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही, विद्यालय प्रधानाध्यापक रविंद्र प्रसाद, शिक्षक गीतांजलि कुमारी, मनीषा धवन, मयार्नी सोरेन, वीना कुमारी, अर्चना कुमारी, शेलेंद्र कुमार, अनिमेष महतो समेत विद्यालय परिवार ने विद्यालय परिसर में सभी चयनित छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही, आशीर्वचन के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विधायक ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जयनगर में विधायक की अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से होने वाली रामधन साहू के घर से विजय पान गुमटी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधायक अंबा प्रसाद ने पूजा अर्चना करने के बाद मंगलवार को शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा ढोल बाजे के साथ और फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है। पतरातू प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों योजनाओं का स्वीकृति प्रदान कराने का कार्य किया गया है और आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क का निर्माण किया जायेगा। विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारी और कार्य कर रहे विभाग व संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात भी कही इस मौके पर अमित साव, योगेंद्र सिंह, जयनगर मुखिया हीरा देवी, विजेंद्र मुंडा, छोटू साहू, रमेश बेदिया, मुन्ना अंसारी, मुकेश कुमार, अरविंद गिरी, जनक प्रसाद अरुण साव, माधव प्रसाद, राजेश कुमार, गुप्तेश्वर प्रसाद, बबलू प्रसाद, सुमित कुमार, सोहन साव सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## सीपीसी इंटर कॉलेज में शासी निकाय की बैठक

**गोला (आजाद सिपाही)।** कमता स्थित सीपीसी इंटर कॉलेज सभागार में बुधवार को शासी निकाय समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित हुये। इस दौरान कॉलेज के विकास खेल-कूद व आधुनिक पढ़ाई हेतु प्रोजेक्टर आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। विधायक ने कहा कि यह कॉलेज क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहा है। मौके पर जिप सदस्य सह निकाय के अध्यक्ष जलेश्वर महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ के प्रतिनिधि बीईईओ सहदेव कर्मकार, संजय कु. महतो, शिक्षक प्रतिनिधि नीलकमल सूर्यनारायण, उपप्राचार्य राजीव रंजन सिंह, ज्ञानी महतो, अनिरुद्ध कुमार, रविन्द्र महतो, सुखदेव महतो, अशोक कु. महतो, संजय कुमार, स्नेहलता सिंह, आशा शर्मा, प्रियंका केशरी, अनिता कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंद्र शेखर करमाली, संजय कु. महतो, दीपक कुमार, शिवनंदन महतो, सुरेश कुमार, लखेश्वर कुमार, मनसू आदि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने कारगिल विजय दिवस पर कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को भाजपाईयों ने एसबीआई शाखा में कार्यरत राधेश्याम सिंह को बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान कोर ऑफ मलेट्री पुलिस (सीएमपी) राधेश्याम सिंह ने बताया कि उन्होंने आर्मी में 1983 में अपना योगदान दिया था। जिसके बाद मिजोरम, नागालैंड, लद्दाक, तेजपुर और कारगिल में भी अपना योगदान दिया था। इस अवसर पर जिला सांसद प्रतिनिधि खनिज मद के सुमन सिंह और भाजपा के भुरकुंडा मंडल उपाअध्यक्ष अमरेश सिंह ने बुक्के देकर उनका हौसला आफजाई किया। मौके पर सुमन सिंह ने कहा कि आज हमारे देश में आर्मी का बहुत बड़ा योगदान है। आज आर्मी के लोग जागते है तो ही पूरा देश चैन की नींद सोता है। उन्होंने कहा कि देश के वीर शहीदों की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है।

## कस्तूरबा छात्रा की मौत से परिजनों और ग्रामीणों में उबाल

# सड़क जाम , वार्डेन की गिरफ्तारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर की छात्रा की मौत का मामला धीरे-धीरे तुल पकड़ता जा रहा है। कस्तुरबा की छात्रा नेहा कुमारी के मौत की खबर आग की तरह फैलते ही आसपास के ग्रामीणों ने गिद्धौर-हजारीबाग मुख्य पथ को जाम कर विद्यालय की वार्डन समेत संबंधित शिक्षिकोंओं और कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। ज्ञात हो कि कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय गिद्धौर की छात्रा नेहा कुमारी का बीते 25 जुलाई को विद्यालय में विषपान होने से मौत हो गयी थी। घटना के प्रत्यक्षदर्शी मृतक नेहा की छोटी बहन का कहना है कि नेहा की तबियत खराब हो गयी है। जिसपर वार्डन रेणु कुमारी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसी बीच नेहा की स्थिति दयनीय होती चली गयी। वार्डेन को बार-बार नेहा को देखने की गुहार लगायी गयी लेकिन वार्डेन ने नेहा को देखने कमरे में नहीं गयी और उसके साथ मोबाइल से वीडियों बनाने लगी। इसी बीच स्थिति गंभीर होते देख मृतका की छोटी बहन ने भागकर इसकी सूचना आस पास के लोगों को दी जिसके बाद इसकी सूचना उसके मामा अनिल साव को मिली। अनिल साव ने विद्यालय पहुंचकर नेहा की जानकारी ली तो वार्डेन ने कहा कि हम दवा दे दिये हैं और वह घर जाने के लिए नौटंकी कर रही है। इसी बीच कुछ देर बाद वार्डेन ने नेहा के मामा से चारपहिया वाहन लाकर उसे इलाज के लिए ले जाने के लिये कहा। जिसके बाद अनिल साव ने नेहा को इलाज के लिए गिद्धौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, लेकिन चिकित्सक और चिकित्सा सुविधा नहीं रहने के कारण उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत की खबर सुनते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाष कुमार, बीडीओ, सीओ, व थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने सदर अस्पताल पहुंचकर मामले का जायजा लिया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला षिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने विद्यालय के वार्डेन रेणु कुमारी, सहायक शिक्षिका सुगंती कुमारी तथा सुनीता कुमारी, शारीरिक षिक्षिका संगीता कुमारी, प्रहरी मालती कुमारी तथा गार्ड बासुदेव साव से 12 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही कहा गया है कि क्यों नहीं लापरवाही बरतने के आरोप में सबकी संविदा रद्द की दी जाय। दूसरी ओर मृतका के परिजन और ग्रामीण वार्डेन की लापरवाही के कारण नेहा की मौत होने का कारण बताकर उसके गिरफ्तारी की मांग की है।



### उपायुक्त के निर्देश पर वार्डेन, सहायक शिक्षिका और आदेशपाल कार्यमुक्त

**कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर में छात्रा नेहा कुमारी की विषपान से हुई मौत पर उपायुक्त अबु इमरान ने सख्त कदम उठाया है। इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बडाइक और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से इस घटना पर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है तथा नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश के पश्चात विद्यालय की वार्डेन रेणु कुमारी, सहायक शिक्षिका नीतू कुमारी तथा संगीता कुमारी, शारीरिक शिक्षिका सुनीता कुमारी, प्रहरी संगीता कुमारी तथा ममता कुमारी, लेखापाल रंजीत कुमार और आदेश पाल बासुदेव साव को कार्यमुक्त कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

## झारखंड कुशवाहा महासभा का जिला सम्मेलन संपन्न

# समाज एकजुट होगा, तब मिलेगा संपूर्ण अधिकार: लोकनाथ

आजाद सिपाही संवददाता

**रामगढ़।** झारखंड कुशवाहा महासभा की एक दिवसीय जिला सम्मेलन बुधवार को संपन्न। सम्मेलन जिला कमेटी विस्तार को लेकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष अमर लाल महतो ने की। सम्मेलन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। सभी वीरगति प्राप्त शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिसके बाद कुशवाहा समाज के जिला में टॉप-10 मैट्रिक परीक्षा में उतीर्ण और जेपीएससी, आइआइटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को समाज की ओर से प्रतिभा सम्मान पत्र दिया गया। कुशवाहा जिला इकाई की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और उद्घाटनकर्ता झारखंड कुशवाह महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो थे।



**जिला समिति का हुआ गठन**

सम्मेलन में जिला समिति का गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप, जिला सचिव मनोज कुमार महतो, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, जिला उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद कुशवाहा, सुबोध महतो, मिथिलेश कुमार महतो, श्याम महतो, राजेश कुमार महतो, अमृत कुमार, जिला सह सचिव के रूप में पीसी बॉबी, संदीप कुमार, राजीव कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, कुलदीप कुशवाहा, दीपक कुमार दांगी, संयोजक के रूप में घनश्याम महतो, बड़हन राम दांगी, सतनारायण महतो, जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार को बनाया गया।

**कौन कौन थे उपस्थित**

कार्यक्रम में महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा, प्रदेश संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश कोषाध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद उर्फ, महिला प्रदेश अध्यक्ष लीलावती मेहता, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, रमेश प्रसाद कुशवाहा, जानकी महतो, सीताराम सिंह, जिला चुनाव प्रभारी घनश्याम महतो, केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक देवचरण दांगी, और पूर्व जिला अध्यक्ष अमरलाल महतो, सचिव हरि नाथ महतो, राजकुमार कुशवाहा, उमेश चंद्र, योगेश दांगी सचिन कुमार, लखिनंदर कुमार कुशवाहा, लक्ष्मण महतो, योगेंद्र महतो सोहनलाल मेहता, धर्म नाथ महतो देवेंद्र दांगी, रंजीत कुमार महतो, घनेनाथ महतो, मोती महतो, भूषण कुमार महतो, कुलदीप मेहता, ममता कुमारी सिंह, देवंती देवी, अर्चना कुशवाह, रूबी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# कोल कंपनी में कारगिल के शहीदों को किया गया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** कारगिल युद्ध के 24वें विजय दिवस के अवसर पर कोल कंपनी भुरकुंडा निवासी कारगिलियन सूबेदार एचएन यादव के आवास पर बुधवार को वीर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित की गयी। मौके पर पुरोहित सुनील पांडेय ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करायें। इस दौरान अमर जवानों के परिजनों के सुख-समृद्धि के लिए लोगों ने कामना की। साथ ही सामुहिक हवन के बाद वीर शहीदों को अमर जवान शहीद स्मारक के समक्ष क्षेत्रवासियों द्वारा श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया गया। मौके पर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जवान ही हमारे देश के असली रक्षक हैं, जो अपने घरों से हजारो किलोमीटर दूर सरहद पर हर दुःख सहते हुए देश की रक्षा में जुटे रहते हैं। आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि सैनिकों का सम्मान करना गौरव की बात है। सरकार इनका हौसला आफजाई करते रहे ताकि देश की रक्षा में सैनिक जुटे रहें। वहीं शहीदों के याद में मोबीन मुखर्जी की टीम ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन राज विश्वकर्मा ने किया।

**मौके पर ये थे मौजूद थे**

मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, आरएसएस के सिद्धनाथ सिंह, गिरधारी गोप, सिद्धांत यादव, प्रशांत यादव, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, संजय यादव, रमेश यादव, रॉबिन मुखर्जी, सुरेन्द्र यादव, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, डॉ. संजय सिंह, विश्वरंजन सिन्हा, बैजनाथ कुमार, टुनटुन यादव, अमित शर्मा, किशोर कुमार, राज नायक, बोबीन मुखर्जी, लायंस क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, पूर्व सचिव लायन विजयंत कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, राजेश अग्रवाल, लायन अखिलेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, सीमा यादव, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, संजय सिंह, निर्मल अग्रवाल सहित दर्जनों सहित सैकेडो लोग शामिल थे।

# महिला को प्रताड़ित करने वाले परिवार के घर की कुर्की जब्ती

**बेगूसराय कोर्ट के आदेश पर बिहार पुलिस ने कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में की कुर्की जब्ती**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** हिंदू धर्म में महिलाओं को लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा का रूप माना गया है। अगर महिलाओं को घर में सम्मान मिले तो वह लक्ष्मी बनकर निवास करती है। लेकिन अगर उसका अपमान हुआ तो वह दुर्गा बनकर सर्वनाश भी कर देती है। बुधवार को रांची शहर के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में बहू को प्रताड़ित करने के मामले में ही अविनीश सिंह के घर कुर्की जब्ती कर दी गई। बिहार राज्य के बेगूसराय जिला कोर्ट के आदेश पर बिहार पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से इस कुर्की जब्ती को अंजाम दिया है। पीड़ित महिला सपना बिहार राज्य के बेगूसराय जिले के रहने वाली है। उसकी शादी वर्ष 2018 में 51 इंडस्ट्रियल एरिया निकट केपी ऑटोमोबाइल वर्कशॉप के रहने वाले अविनीश कुमार उर्फ अविनीश सिंह के साथ हुई थी। सपना ने पुलिस को बताया था कि शादी के दौरान 10 लाख नगद, 10 लाख के जेवरात और 5 लाख के घरेलू सामान दिए गए थे। लेकिन जब सपना ससुराल पहुंची तो उसके पति अविनीश, उसकी सास माधुरी सिंह, भैसूर डॉक्टर राकेश कुमार सिंह ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इस सब में उसके ससुर अमरेश सिंह की पूरी सहमति थी। शादी के बाद ससुराल वालों ने सपना के परिजनों से 50 लाख दहेज की मांग करनी शुरू कर दी। हर त्यौहार पर सपना प्रताड़ित होती रही। यहां तक की वर्ष 2020 में उसके पति ने रांची के होटल मेहता में उसे अपने दोस्तों के बीच भी काफी जलील किया। इसके बाद सपना के परिजनों के द्वारा उसे ससुराल से ले जाकर मायके में रखा गया। काफी समय के बाद भी जब अविनीश के परिवार वाले नहीं माने तो सपना ने प्राथमिकी दर्ज कराई। बेगूसराय कोर्ट में सपना के ससुराल वाले ना तो कभी हाजिर हुए और ना ही उन्होंने अपना कोई तार्किक पक्ष रखा। इस मामले में फर्स्ट क्लास जुडिशल मजिस्ट्रेट मिस रूबी कुमारी के कोर्ट ने अमरेश सिंह और उसके पूरे परिवार वालों के खिलाफ कुर्की जब्ती का आदेश जारी किया। उस आदेश के बाद बेगूसराय पुलिस रांची पहुंची और उन्होंने पूरी कुर्की जब्ती की।

## पंचायत समिति सदस्य ने फुटबॉल कमेटी टीम को फुटबॉल किट बांटे



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी पोटंगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बभनी देवी ने बुधवार को न्यू बरटोला पोटंगा के फुटबॉल कमेटी की टीम को फुटबॉल किट देकर खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने का काम की है। वहीं न्यू बरटोला के फुटबॉल कमेटी ओर से 19 जुलाई से सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है इस टूर्नामेंट में केवल आठ टीमों को ही भाग लेने का अवसर दिया गया है। फुटबॉल कमेटी के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 20 केजी मुर्गा, द्वितीय पुरस्कार 15 केजी मुर्गा, तृतीय पुरस्कार 5 केजी मुर्गा, चतुर्थ पुरस्कार 5 केजी मुर्गा दिया जायेगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सक्रिय सदस्य मुरली सोरेन, नरेश हांसदा, राजेश हांसदा,समीर सोरेन, बर्मा हेंब्रोम, बंसीलाल हेंब्रोम, सिकेंद सोरेन, सुनील हेंब्रोम, महेंद्र सोरेन, प्रदीप सोरेन, रमेश सोरेन, दिलीप हेंब्रोम, बबलू किस्कू, रवि सोरेन, पवन सोरेन, विकास सोरेन, संदीप सोरेन, अरुण सोरेन, छोटू सोरेन, अमीर सोरेन, संजय सोरेन, राम हेंब्रम, राहुल, सुरेश, सनोज, विष्णु हेंब्रोम, किशोर का सराहनीय योगदान रहेगा।

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर किया पौधरोपण और पंच प्रण शपथ समारोह



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** रामनारायण मेमोरियल महाविद्यालय में केन्द्र सरकार के युवा कार्यर्क्रम और खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मेरी माटी मेरा देष कार्यक्रम के तहत कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया और पंच प्रण शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के पीओ डॉ फहीम अहमद ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जैनेन्द्र कुमार सिंह ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रांगण में स्थित स्वतंत्रता सेनानी बाबू रामनारायण सिंह के प्रतिमा के समक्ष पंच प्रण शपथ दिलाया गया। इस दौरान शपथ लिया गया कि मनसा, वाचा, कर्मणा से देष को विकसित करते हेतू सदैव तत्पर और प्रत्यनशील रहेगें। हम प्रतिज्ञा करते हैं कि दासता और ऑपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी प्रतीक को हम अपने आचार और व्यवहार से दूर रखेगें। हमें गर्व है अपने देश की अनमोल विरासत और सार्वभौम परम्परा पर और हम निरंतर गौरवान्वित होकर इस मनोभाव को अंगीकृत करेगें। हम प्रतिज्ञा करते हैं कि देष की एकता एंव अखंडता को अक्षुण बनाये रखने के लिए सदैव एवं अनवरत प्रयत्नषील होकर और देश की विघटनकारी तत्वों से सुरक्षित रखने हेतू अहर्निशं प्रयासरत रहेगें। एक जागरूक नागरिक होने के नाते हम अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यबोध के प्रति जागरूक होकर समाज एवं देश के विकास हेतू सदैव प्रयत्नशील रहेगें। शपथ समारोह के पश्चात स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डॉ फहीम ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तय कर गुलामी और औपनिवेशिक मानसिकाता का नामोनिशान मिटाने और विरासत पर गर्व करने का आज प्रण लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रो षिवरतन सिंह, पूजा सिंह, राजेन्द्र कुमार दांगी, सरयू यादव, पंकज कुमार, फखरूददीन अंसारी शामिल हुए जबकि चंद्र कुमार, कुंदन कुमार सिंह, वोलेटियर ऋषभ राज गुप्ता, सौरभ कुमार, मो जावेद, चांदनी कुमारी, रोहिणी कुमारी सरदार दलजीत सिंह आदि ने अहम भूमिका निभाया।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 25.07.2023

**निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 10**

**विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 31.07.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.**

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 31.07.2023 **(सोमवार)** से स्थगित कर के **15.09.2023 (शुक्रवार)** कर दी गई है।

भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
ईमेल–drsm@rb.railnet.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

2312/2023

G20

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय,**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email ID -awc24.monitoring@gmail.com

**(निविदा सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में रामगढ़ जिला अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति अधिकतम मूल्य रू0–200.00 (दो सौ रूपये) सभी कर सहित दर पर करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।

आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 10.08.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.303324 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D



**कार्यालय: जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**
EmailID :- cs.koderma4@gmail.com

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविदा के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2021, 11/2022 एवं 12/2022 को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1617 दिनांक 17.03.2023 के आलोक में निरस्त की जाती है।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

PR 303344 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

## कारगिल शहीदों को जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि




**जिले के शहीदों के परिजनों के घर जाकर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को कारगिल युद्ध में शहीद हुए जिले के वीर शहीद सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले के कई अधिकारियों के साथ शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने सैन्य बलिदानियों की वीरता और पराक्रम को याद किया।

इस विशेष अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देश पर अधिकारी शहीदों के घर जाकर उनके परिजनों और संबन्धियों का हालचाल लिये। इस तरह से शहीदों के परिजनों के प्रति जिला प्रशासन ने अपनी संवेदना और सम्मान को दर्शाया और उन्हें शॉल देकर कृतज्ञता व्यक्त की। जिले के शहीद जॉन अगस्तुस एक्का, शहीद बिरसा उरांव और शहीद विश्राम मुंडा के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस महत्वपूर्ण दिन के अवसर पर जिले के अधिकारियों ने शहीदों की बहादुरी और देशभक्ति को याद किया और उन्हें श्रद्धा भाव से नमन किया। शहीद स्थल में माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षकों ने टीएलएम प्रदर्शनी लगायी



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय डुमरी टांगरडीह में बुधवार को प्रखंड संसाधान केंद्र डुमरी के तत्वावधान में सभी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा टीचिंग लर्निंग मेटेरियल (टीएलएम) प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि बीडीओ एकता वर्मा एवं प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का के द्वारा अवलोकन किया गया। वहीं प्रथम स्थान में राजकीय मध्य विद्यालय डुमरी टांगरडीह, द्वितीय स्थान में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयाटाटी एवं तीसरे स्थान में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतासिली को सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ तपेश्वर साहू, प्रखंड साधन सेवी राकेश कुमार मेहता, मोहर उरांव, निर्मल असुर, अजीत तिर्की, बिरेंद्र कुजूर, विजय बखला, मो. आशिक अंसारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जारी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी विकास आनंद लागुरी ने की। डीएसपी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 29 तारीख को मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्वक निकले, नशा पान या हुड़दंग कर गलत नारे लगाने वाले के ऊपर कानून करावाई की जाएगी। मुहर्रम का पर्व सब कोई मिलजुल कर साथ मनायें। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई गलत मैसेज आता है तो तुरंत हमें बतायें ताकि समय रहते उनके विरुद्ध कानून कार्रवाई की जा सके। मौके पर इंस्पेक्टर बैजू उरांव, जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक, बीडीओ सुमन गुप्ता, रजनी मिंज, चाजरेन मिंज, रवीन्द्र सिंह, फुलमैत देवी, वारिस खान आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में चैनपुर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि वह ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सीओ गौतम कुमार ने कहा कि मुहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पंचायत प्रतिनिधि सक्रिय भूमिका निभायें। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि मुहर्रम के दिन लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी। चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया ग्रुप पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ भाईचारा से त्यौहार को मनाएं। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर पंचायत की मुखिया शोभा देवी, जमुना प्रशाद केशरी, रंजीत शर्मा, मनोहर बड़ाइक,जहीरूद्दीन अंसारी, सदर जावेद खान, सेक्रेटरी उस्मान खान, नसीरुद्दीन खान, सेराज खलीफा, अफरोज खान, रंजीत शर्मा, विनय केशरी, अरविंद मौर्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** झारखंड महिला मोर्चा महिला मंडल सहयोग संचालन समिति ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

# केंद्र मणिपुर में हिंसा रोके नहीं तो राष्ट्रपति शासन लागू करे : पुष्पा

**मणिपुर हिंसा सहित देशभर में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार से आक्रोशित महिला प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारे लगाये**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल महिला मोर्चा महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला इकाई ने मणिपुर घटना को लेकर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। मणिपुर में दो महिलाओं को नंगे घुमाए जाने व भीड़ द्वारा उनके नग्न शरीर से खिलवाड़ करने तथा मणिपुर में ढाई महीने से जारी हिंसा के खिलाफ कार्यक्रम के तहत गुमला के टावर चौक में प्रदर्शन किया। मणिपुर हिंसा सहित देशभर में महिलाओं पर बढ़ते अन्याय व अत्याचार से आक्रोशित महिला प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं पर अन्याय नहीं सहेंगे, महिलाओं पर हो रहे जुल्म को हर हाल में रोकना ही होगा, मणिपुर में हिंसा रोको नहीं तो राष्ट्रपति शासन लागू करो, मणिपुर में हिंसा रोकने में विफल डबल इंजन की सरकार मुर्दाबाद, महिलाओं को नंगे घुमाने वालों को फांसी दो जैसे आक्रोशपूर्ण नारे लगा रहे थे। झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने कहा कि मणिपुर में हिंसा रोकने में डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है, तुरंत इस्तीफा दे। श्रीमती उरांव ने देशभर में बढ़ते महिलाओं पर अत्याचार को केंद्र सरकार से रोकने की मांग करते हुए मणिपुर में डबल इंजन की सरकार से मणिपुर अगर नहीं संभल रहा है तो तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग भारत के महामहिम राष्ट्रपति से की।

इस मौके पर महिला नेत्री कुसमा मिंज, मालती देवी, सुंदरी देवी, बंधनी खड़िया, सीता उरांव, सुकरो भगत, बिलो भगत, प्रेमपति भगत, सुमित्रा उरांव, फूलो उरांव, मरियम उरांव, करमी उरांव, दुखनी उरांव, जतरी देवी के अलावे काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## केओ कॉलेज में इंटर का नामांकन नहीं होने से छात्र संघों का संयुक्त आंदोलन जारी

**27 जुलाई से कॉलेज में अनिश्चितकालीन तालाबंदी का लिया निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई न होने से छात्रों में आक्रोश कम नहीं हो रहा है। बुधवार को जिले के सभी छात्र संगठनों के छात्र नेताओं ने बैठक कर संयुक्त रूप से इस लड़ाई में भाग लेने का निर्णय लिया है। छात्र नेताओं का कहना है कि कॉलेज प्रशासन के मनमानी और हठधर्मिता के कारण कॉलेज में इंटर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। जबकि रांची विश्वविद्यालय के ही अधिकांश अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की नामांकन प्रक्रिया खत्म होने वाली है। कॉलेज के ऐसे रवैया के कारण जिले के गरीब छात्रों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। इंटर की पढ़ाई को शुरू कराने के लिए अब निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। सभी छात्र संगठन के छात्र नेताओं ने निर्णय लिया है कि 27 जुलाई से कॉलेज में अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी। जब तक कॉलेज प्रशासन आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं करता इंटरमीडिएट की पढ़ाई को जारी रखी जाएगी, तालाबंदी तब तक जारी रहेगी। मौके पर रोहित भगत, कुणाल शर्मा, देवेंद्र लाल उरांव, शानू कुमार, सुबोध उरांव, सुशील तिर्की, शिव शंकर पाठक, राजू उरांव, भूषण उरांव, अनूप कुमार साहू, प्रकाश कुमार उपस्थित रहे।

## पीएम गुमला के किसानों से 27 जुलाई को करेंगे ऑनलाइन वार्ता

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के पालकोट रोड में किसान समृद्धि केंद्र का चयन किया गया है, जो गुमला जिला के किसानों के लिए गौरवान्वित करेगा। उक्त बातें भाजपा के जिला अध्यक्ष अनूपचंद साहू ने कही। उन्होंने आगे कहा कि किसान इस कार्यक्रम से जुड़ कर इसका लाभ उठाएं। उन्होंने जिले के किसानों को इसकी बधाई दी। बता दें कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के लिए राजस्थान के सीकर से 1 लाख 25 हजार किसान समृद्धि केंद्र से जुड़कर किसानों को संबोधित करेंगे। जिसमें पूरे देश में अवस्थित 8 किसान समृद्धि केंद्र में उपस्थित किसानों से पीएम बात करेंगे।

## खेलो झारखंड के तहत 62वीं जिला स्तरीय सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**खेल बैंक से दी गयी खिलाड़ियों को खेल सामग्री, खिलाड़ियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** खेलो झारखंड 2023-24 के अंतर्गत 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल का जिला स्तरीय प्रतियोगिता 2023 का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के द्वारा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने फुटबॉल का फर्स्ट किक कर मैच की शुरुआत की।

इस खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को खेल बैंक की सहायता से खेल सामग्री उपलब्ध करायी गयी, जिसमें फुटबॉल, फुटबॉल शूज आदि जैसी सामग्री दी गई। बुधवार को 26 जुलाई को क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल मैच का आयोजन हुआ। फाइनल मैच 27 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त गुमला, एसडीओ सदर, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## बच्चों से भरा स्कूल वाहन 20 फीट खाई में गिरा, बच्चे सुरक्षित



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कांडी पतीला मुख्य सड़क शिवरी पुल के समीप बुधवार की दोपहर में एक स्कूल वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट खाई में गिर पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श पब्लिक स्कूल कांडी के विद्यार्थियों से भरा एक मैजिक वाहन चालक की लापरवाही से अनियंत्रित होकर सड़क से 20 फीट नीचे आहार के पानी में जा गिरा, वाहन में सवार लगभग 20 बच्चे सकुशल बाहर निकाले गए सभी बच्चों को आंशिक रूप से चोट आई है। जिस प्रकार से 20 फीट गहरी खाई में अनियंत्रित होकर मैजिक गाड़ी पलटी उससे देखने से यह प्रतीत होता है कि नौनिहालों को साक्षात ईश्वर ने खड़ा होकर बचाया है। सभी स्कूली बच्चे स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाले गए। साथ ही स्थानीय लोगों ने सभी बच्चों को उपचार के बाद परिजनों को सौंपा। विद्यालय के संस्थापक दीपांजन कुमार ने बताया कि विद्यालय के शिक्षण अवधि के पश्चात दोपहर 2:30 बजे विद्यालय से बच्चों को लेकर वाहन सभी के घरों में छोड़ने जा रहा था। इसी क्रम में मैजिक वाहन का स्टेरिंग फेल होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**बैठक :** जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक में जिला और पुलिस प्रशासन ने लिया निर्णय

# नक्सली खुदी मुंडा को नकद आठ लाख रुपये और परिवार को मिलेगी सरकारी सुविधाएं

**पिछले दिनों पांच लाख का इनामी उग्रवाद खुदी मुंडा ने आत्मसमर्पण किया था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मोस्ट वांटेड नक्सली खुदी मुंडा ने आत्मसमर्पण क्या किया कि उसे सरकार की ओर से आठ लाख रुपये मिलना तय हो गया। पांच लाख उस पर घोषित इनामी राशि और तीन लाख आत्मसमर्पण योजना के तहत। उसे और उसके परिवार के जीवन को आत्मनिर्भर और बेहतरीन बनाने के लिए कई सरकारी योजनाएं दिए जाने का निर्णय भी जिला प्रशासन ने लिया है। इस संबंध में बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक भी हुई है। पिछले दिनों पांच लाख का इनामी उग्रवाद खुदी मुंडा ने आत्मसमर्पण किया। इस आत्मसमर्पण से जिले में एक शांति एवं अमन का माहौल देखने को मिलेगा। बैठक के आलोक में खुदी मुंडा को दी जाने वाली विभिन्न लाभों के बारे में चर्चा की गई।

बताते चलें कि खुदी मुंडा के ऊपर पांच लाख का इनाम रखा गया था, उसके आत्मसमर्पण के पश्चात यह इनाम उसे दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उसे उसके आत्मसमर्पण के लिए तीन लाख रुपए भी दिया जाएगा।

बैठक में नियमानुसार खुदी मुंडा के बेटे की नियुक्ति करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही खुदी मुंडा के परिवारजनों को सरकारी विभिन्न योजनाओं से जोड़ने, उन्हें आवास के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा आवास योजना से जोड़ने पर उपायुक्त ने निर्देश दिया। उपायुक्त ने 15 अगस्त से पूर्व आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त के खुदी मुंडा के परिवार को हेल्थ कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन आदि का लाभ देने की बात कही। साथ ही उनके परिवार को एक सम्मानजनक जीवन मिले, इसके लिए खुदी मुंडा की पत्नी को जेएसएलपीएस के एसएचजी महिला मंडली से जोड़ने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई निर्देश दिए गये।

बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब, एसडीओ सदर, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में कक्षा 10 और 12 के उत्तीर्ण छात्रों के लिए 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित




**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में कक्षा-10 और 12 के उत्तीर्ण छात्रों के लिए 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा एक फलदार वृक्ष का पौधरोपण किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को श्रीफल व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। छात्रों ने स्वागत गान गाकर अतिथि का स्वागत किया। कक्षा दसवीं के 55 व कक्षा बारहवीं के 73 छात्रों का सम्मान प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर किया गया। मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने जीवन में सफल होने के अनेक मंत्र दिये। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में छात्रों से पढ़ाई न छोड़ने तथा सोशल मीडिया से कुछ वर्षों तक दूरी बनाने की बात कही। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने आशीर्वचन के शब्द बोलते हुए सभी पासआउट छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ को प्रखंड में व्याप्त समस्याओं के निदान को लेकर मांग पत्र सौंपा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को घाघरा बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निदान को लेकर मांग पत्र सौंपा। दिए गए मांग पत्र में समस्या के बाबत घाघरा प्रखंड मुख्यालय मेन रोड में पानी के जलजमाव से लोगों को परेशानी और नाली बनवाने की मांग, नवडीहा पुल की जर्जर स्थिति को सुदृढ़ करने की मांग, प्रखंड स्तर पर विकास कार्य में अवैध उगाही रोकने, विकास कार्य व घरेलू कार्य हेतु बालू की व्यवस्था करने, प्रधानमंत्री अन्न योजना में दिसंबर माह का राशन गबन की जांच कर कार्रवाई करने आदि मांगें शामिल हैं। वहीं भाजपाइयों ने यह भी कहा है कि इन सभी बिंदुओं पर अगर कार्रवाई नहीं की जाती है तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रोड पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सारी जवाबदेही प्रखंड प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित लोगों में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अशोक उरांव, जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, घाघरा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, भाजपा नेता तेम्बू उरांव, सुसीत गोस्वामी के नाम शामिल हैं।

### मुहर्रम पर्व को लेकर सिसई थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम को लेकर बुधवार को सिसई थाना परिसर में एसडीओ रवि जैन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान एसडीओ रवि जैन ने डीजे साउण्ड सिस्टम की आवाज कम रखने, तय मार्ग व पूर्व निर्धारित कर्बला के अतिरिक्त अन्य नये मार्ग पर जुलूस नहीं निकलने, सभी अखाड़ों को पहचान पत्र के साथ वोलेन्टियर नियुक्त करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया और शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। शांति भंग करने वाले वीडियो फोटो व मैसेज को पोस्ट करने वाले व शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी करवाई की जाएगी। सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। मौके पर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, जिला श्रमिक पदाधिकारी पुनीत कुमार, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, सीओ अरुणिमा एक्का, बीडीओ सुनीला खलखो, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, एसआई मीनकेतन कुमार, भवेश कुमार, सलमान अली, निरंजन सिंह, मुखिया शकुन्तला देवी, सुगिया देवी, अहमद खान, फैयाज अंसारी, रहमान अंसारी, लालमोहन साहू, रहमु अंसारी, विपीन झा, रामानंद सिंह, मनीष बाबू, पंकज साहू, विरेन्द्र तत्वा, लक्ष्मी नारायण यादव, मुकेश श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, रविन्द्र साहू, आजाद अंसारी, जुल्फान अंसारी, जाकीर खान, अजमल अंसारी, राजा अंसारी, इफ्तेखार अहमद, मैनेजर साहू, हसन अंसारी सहित अनेक प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

### चीक बड़ाईक उत्थान समिति की बैठक 30 को

**जारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति एवं प्रदेश समिति के साथ गुगल मीट का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 30 जुलाई को बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क जशपुर रोड में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला समिति का गठन की तिथि एवं पर्यवेक्षक दल का गठन, निबंधित संस्था झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति के लिए आवश्यक कार्यवाही करने, नवीकरण हेतु सभी प्रदेश समिति सदस्यों को अपना दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति लेकर बैठक में आने, समाज के तत्कालीन गंभीर विषयों पर चर्चा करने का निर्णय किया गया। अतः प्रदेश समिति के साथ-साथ समाज के जुझारू एवं समर्पित व्यक्तियों को प्रदेश समिति में शामिल कर उनकी कार्यकुशलता के अनुरूप दायित्व दिया जाएगा। इसकी सूचना दिलीप बड़ाईक ने दी।

### शिक्षक सुधीर एक्का के निधन पर शोक व्यक्त



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय बिशुनपुर में पदस्थापित शिक्षक सुधीर एक्का का आकस्मिक निधन होने पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वे पिछले कुछ माह से लिवर एवं किडनी की बीमारी से ग्रसित थे। संघ के अध्यक्ष सुखदेव उरांव ने कहा कि वे एक कुशल शिक्षक थे। वे अपने कार्यकाल के दौरान संघ के जिला उपाध्यक्ष भी रहे। सामाजिक गतिविधियों में भी वे चढ़बढ़ कर हिस्सा लेते रहे थे। शिक्षक सुधीर एक्का का निधन प्रखंड वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके शव को गुरुवार को पैतृक गांव टुटवा पानी में दफनाया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में मनी कुमार सिन्हा, बालेश्वर उरांव, सुनील भारती, रोजालिया लकड़ा, ब्रह्मदेव उरांव, अनिल भगत, सीताराम खैरवार, रामप्रवेश पासवान, त्रिभुवन कुमार, राजेश बैठा, सुधीर तिग्गा, चैतु उरांव शामिल हैं।

